Title: Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for constructing a dam at Pachnada in Jalaun District, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के जिला जालौन के किसानों को सिंचाई हेतु पानी की अत्यधिक आवश्यकता है जिससे किसानों की फसल समय पर नहीं हो पाती। अगर कृाक फसल की बुआई करते हैं तो पानी के अभाव में फसल नट हो जाती है। चूंकि मेरे जनपद में पांच नदियों का संगम (पचनदा) है जिसमें पानी की पर्याप्त उपलब्धता है।

अत : महोदय से मांग है कि उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में पचनदा पर बांध बनवाया जाए जिससे उत्तर प्रदेश के इटावा, औरैया, कानपुर देहात, जनपद जालौन और कई जिलों के किसानों को फसल उपज करने का भरपूर लाभ मिल सके तथा बांध बनने से दस्यू प्रभावित क्षेत्र भी खत्म हो जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार को आर्थिक सहायता दी जाए।